भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1023
08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

ओडिशा को वित्तीय सहायता

1023. **श्री बसंत कुमार पंडा**:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों सहित ओडिशा राज्य को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का योजना/परियोजना-वार ब्यौरा क्या है:

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत उपरोक्त जिलों सहित ओडिशा में लाभार्थियों की संख्या कितनी है:

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत उपर्युक्त जिलो सहित ओडिशा के उन लाभार्थियों का योजना-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें डीबीटी के माध्यम से लाभ हुआ है;

(घ) इस योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों कालाहांडी और नुआपाड़ा को प्रदान की गई अतिरिक्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आज की तिथि तक कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में ब्लॉक-वार कितने मकान बनाए गए हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ड.): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ओडिशा राज्य सहित देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्का आवास प्रदान करने के लिए 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) कार्यान्वित कर रहा है।

प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, पीएमएवाई-यू के तहत ओडिशा राज्य के लिए 3,176.98 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता वाले कुल 2.03 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनके लिए पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य को 1,179.47 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

पीएमएवाई-यू के तहत, केंद्रीय सहायता संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र को जारी की जाती है, जो आवासों के निर्माण के लिए, यदि कोई मैचिंग राज्य अंश हो तो उस अंश के साथ यह सहायता निर्धारित लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से अंतरित करते हैं।

ओडिशा राज्य तथा ओडिशा के कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में 29.01.2024 तक की योजना अवधि के तहत स्वीकृत और पूर्ण किए गए आवासों के साथ-साथ पीएमएवाई-यू के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान स्वीकृत और पूर्ण किए गए आवासों तथा स्वीकृत एवं जारी की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

दिनांक 08-02-2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1023 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (2020-24) के दौरान ओडिशा राज्य तथा ओडिशा के कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में वास्तविक और वित्तीय उपलब्धि के साथ स्वीकृत और पूर्ण किए गए संचयी आवासों का ब्यौरा

राज्य/जिले	स्वीकृत संचयी आवास (संख्या)	पूरे किए गये संचयी आवास (संख्या)	पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (2020-24) के दौरान			
			स्वीकृत आवास (संख्या)	पूर्ण किए गए आवास (संख्या)	स्वीकृत केन्द्रीय सहायता (करोड़ रूपये में)	जारी केंद्रीय सहायता (करोड़ रूपये में)
ओडिशा राज्य	2,03,380	1,40,632	92,893	76,072	1,450.28	1,179.45
कालाहांडी ज़िला	5,911	3,804	2,964	2,333	44.99	38.11
नुआपाड़ा ज़िला	6,683	4,230	3,476	2,839	52.29	39.04